गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.01.2023 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.01.2023 को प्रातः 09:30 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रहीः—

1.	प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 प्रवीण कुमार मिश्रा	सदस्य
3.	प्रो0 एस.एस. सिंह	सदस्य
4.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
5.	प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा	सदस्य
6.	प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी	सदस्य
7.	प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव	सदस्य
8.	प्रो0 सीमा राय	सदस्य
9.	डॉ0 राजेन्द्र मेहता	सदस्य
10.	प्रो0 सी.एस. वझलवार	सदस्य
11.	प्रो0 ब्रजेश तिवारी	सदस्य
12.	प्रो0 एम.के. सिंह	सदस्य
13.	डॉ0 आर.के. चौबे	सदस्य
14.	डॉ0 एस.के. प्रजापति	सदस्य
15.	डॉ0 बी.आर. रावटे	सदस्य
16.	प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :—

1. प्रो0 पी.के. बाजपेयी

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा नव वर्ष की शुभकामनायें प्रदान की गई एवं विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश प्रदान किया गया। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :—

विषय क्र.01 **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.12.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.12.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र. 02 **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.12.2022 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.12.2022 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की।

06/01/2023

06/01/2023

विषय क्र. 03 **"गुरू घासीदास विश्वविद्यालय स्वाभिमान थाली" योजना को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के माध्यम से लागू किये जाने पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि "गुरू घासीदास विश्वविद्यालय स्वाभिमान थाली" योजना को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के माध्यम से लागू किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

विषय क्र. 04 **श्रीमती उज्वला अम्बस्थ द्वारा अंग्रेजी विषय के शोध उपाधि हेतु प्रस्तुत शोध ग्रंथ के मूल्यांकन पश्चात् मूल्यांकनकर्ता के अनुशंसा शोध ग्रंथ के निरस्तीकरण के विचार करने हेतु।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि इस प्रकरण को वर्तमान में स्थगित रखा जाय।

विषय क्र. 05 **मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट प्रारंभ किये जाने हेतु संशोधित बजट प्रस्ताव पर विचार करने बाबत्।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट प्रारंभ किये जाने हेतु संशोधित बजट प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि मास्टर ऑफ ऑस्पिटल मैनेजमेंट कार्यक्रम को संचालित करने संबंधी प्रस्तावित अध्यादेश प्रारूप का भी अनुमोदन किया जाय।

विषय क्र. 06 **डॉ अंबेडकर सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के अस्थाई शिक्षकों के चयन हेतु चयन समिति की संरचना एवं साक्षात्कार अंकों पर विचार संबंधी।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि डॉ अंबेडकर सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के अस्थाई शिक्षकों के चयन हेतु चयन समिति की संरचना समिति द्वारा सुझाये संशोधन के साथ एवं साक्षात्कार अंकों के संबंध में यथा प्रस्तावित प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

अ.अ.वि.क्र. 01 विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष जैव प्रौद्योगिकी विभाग से प्राप्त शुल्क वापसी संबंधी प्रकरण प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र दिनांक 01.11.2022 एवं विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक–23 के सुसंगत प्रावधानों का अवलोकन किया तथा निर्णय लिया कि वर्तमान में प्रकरण स्थगित रखा जाय तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग से विस्तृत तथ्यात्मक प्रस्ताव प्राप्त कर लिया जाय।

अ.अ.वि.क्र. 02 विश्वविद्यालय के स्पेस एलोकेशन समिति की बैठक दिनांक 05.01.2023 के कार्यवृत्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि स्पेस एलोकेशन समिति की अनुशंसानुसार, UNICEF (यूनिसफ) के प्रस्तावित विहेवियरल क्लब के लिए स्थान आबंटित कर दिया जाय।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

06/01/2023 — 06/01/2023

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव — **कुलपति/अध्यक्ष**

Mcell~I\SC\..\SC 06-01-2023